भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
(प्रशासन एवं कार्मिक अनुभाग)
महानगर दूरसंचार भवन, जवाहरलाल नेहरु मार्ग,
(ओल्ड मिंटो रोड), डॉ. जाकिरहुसैन कॉलेज के समीप,
नई दिल्ली-110002

सत्यमेव जयते

TRAI

संख्या 1–02/2021–प्रशासन एवं कार्मिक | दिनांक 16 मार्च, 2021

प्रेषितिः–

भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग,
केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, सांविधिक एवं स्वायत्त निकाय
(संलग्न सूची के अनुसार : ईमेल द्वारा)

विषयः भादूविप्रा (मुख्यालय), नई दिल्ली में अन्यत्र (फॉरेन) सेवा शर्तों पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर निजी सहायक के पद को भरना : *आवेदन पत्र प्राप्त करने की तिथि का विस्तार*।

महोदय,

उक्त विषयक भादूविप्रा के सम संख्यक पत्र दिनांक 08 फरवरी 2021 का सदर्भ लें, जिसके अन्तर्गत प्राधिकरण प्रारंभ में तीन वर्षो के लिए **भादूविप्रा (मुख्यालय), नई दिल्ली में** अन्यत्र (फॉरेन) सेवा शर्तों पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर **निजी सहायक** के पदों को भरने का प्रस्ताव आमंत्रित करता है। पद के लिए योग्यता एवं अनुभव आदि के विवरण नीचे दिए गए हैंः–

पद का नाम	वेतनमान/पे लेवल	पात्रता की शर्तें
निजी सहायक	सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार, पे मैट्रिक्स में पे लेवल – 6, रु. 35400– रु.112400) एवं सरकारी नियमों के अनुसार अन्य भत्ते जैसे डीए, एचआरए आदि। (संशोधन पूर्व पीबी–2, रु.9300–रु.34800 + रु.4200– ग्रेड पे)	केन्द्र सरकार, सावर्जनिक क्षेत्र के उपक्रम और सांविधिक एवं स्वायत्त निकाय के कर्मचारीः 1) समकक्ष पद पर नियमित आधार पर कार्यरत हैं **या** 2) स्टैनोग्राफर ग्रेड–डी पद पर छः साल की नियमित सेवा की है पीबी–1, रु.5200–रु.20200 + रु.2400 ग्रेड पे (6ठे सीपीसी के तहत) (7वें सीपीसी के अनुसार लेवल–4 में संशोधित) कार्मिक को कम्प्यूटर संबंधी ज्ञान होना चाहिए।

2. यह नियुक्ति अन्यत्र (फॉरेन) सेवा शर्तो पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर की जाएगी और यह कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 17 जून, 2010 के का.ज्ञा. संख्या 6/8/2009–स्थापना (पे II) और इसमें समय–समय पर किए गए संशोधन के अधीन होगी। प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति हेतु **भादूविप्रा में आवेदन करने की अंतिम तिथि पर अधिकतम आयु किसी भी मामले में 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।**

क्रमशः.....पृ/2

संख्या 1–02/2021–प्रशासन एवं कार्मिक दिनांक 16 मार्च, 2021

3. सभी मंत्रालयों/विभागों, केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सांविधिक एवं स्वायत्त निकायों से पात्र उम्मीदवारों, जिनकी सेवाएं, उनके चयन के मामले में तुरंत प्राधिकरण के अधीन शामिल की जा सकती हैं, की पिछली पांच वर्षों की एसीआर/एपीएआर की सत्यापित प्रतियों और सतर्कता/अनुशासनिक क्लीयरेंस सहित निर्धारित प्रोफॉर्मा **(इसे भादूविप्रा की वेबसाइट *www.trai.gov.in* से डाउनलोड किया जा सकता है)** में आवेदन अग्रेषित करने का अनुरोध किया जाता है। आवेदक द्वारा लिफाफे पर आवेदित पद का नाम स्पष्ट अक्षरों में लिखकर **वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (प्र. एवं का.), भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, महानगर दूरसंचार भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (पुराना मिंटो रोड़), जाकिर हुसैन कॉलेज के पास, नई दिल्ली–110002 को** प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

4. आवेदन प्राप्त करने की अन्तिम तिथि को 16 अप्रैल 2021 तक बढाया गया है।

5. यदि, उपरोक्त हिंदी संस्करण में कोई त्रुटि पाई जाती है, तो इस मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

भवदीय,

16/3/2021

(विनय कुमार गोयल)
वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (प्र. एवं का.)
दूरभाषः 011–23664–213

प्रतिलिपिः–

1. वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव, सचिव, भादूविप्रा
2. सभी प्रधान सलाहकार/सलाहकार (मुख्यालय) एवं (क्षेत्रीय कार्यालय), भादूविप्रा
3. संयुक्त सलाहकार (आईटी) – इसे भादूविप्रा की वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध के साथ
4. निदेशक (सीएस प्रभाग), कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, लोक नायक भवन, नई दिल्ली – ***इसे कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध के साथ ।***
5. नोटिस बोर्ड